# उद्योगों को माल परिवहन व निर्यात के लिए जलमार्ग उपलब्ध करायेंगे- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जवाई-लूनी-रण ऑफ कच्छ राष्ट्रीय जलमार्ग-48 की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए

जयपुर, 3 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों को माल परिवहन एवं निर्यात के लिए जलमार्ग उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में उन्होंने जवाई-लूनी-रण ऑफ कच्छ राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू)-48 को मूर्तरूप देने के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण एवं आईआईटी मद्रास को प्रोजैक्ट के तकनीकी व वित्तीय आंकलन तथा जहाजों के अनुमानित ट्रैफिक की तुलनात्मक व अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए।**




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राष्ट्रीय जलमार्ग-48 को लेकर अहम बैठक की।*

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राष्ट्रीय जलमार्ग-48 को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) एवं आईआईटी मद्रास को इस प्रोजेक्ट के तकनीकी एवं वित्तीय पहलुओं का आकलन करने एवं जहाजों के अनुमानित ट्रैफिक की तुलनात्मक एवं अध्ययन रिपोर्ट भी तैयार करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में 27 अक्टूबर 2025 को एनडब्ल्यू-48 के संबंध में राज्य सरकार ने आईडब्ल्यूएआई के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया, जिसके सम्बंध में आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर के. मुरली ने इस परियोजना के संबंध में डीपीआर की तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यह राष्ट्रीय जलमार्ग अस्तित्व में आएगा तो इससे प्रदेश के साथ ही नज़दीकी राज्यों के उद्योगों और व्यापारियों को भी सुगम माल ढुलाई का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय जलमार्ग प्रदेश के समग्र विकास का मजबूत आधार बन सकता है। साथ ही, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और माल ढुलाई की लागत में कमी लाने में उपयोगी साबित हो सकता है। प्रदेश में एनडब्ल्यू-48 के अस्तित्व में आने से रण ऑफ कच्छ के रास्ते अरब सागर तक माल की निर्बाध आवाजाही संभव हो पाएगी। राजस्थान और गुजरात से होकर गुज़रने वाला यह राष्ट्रीय जलमार्ग पेट्रोकेमिकल्स, खनिजों, सीमेंट, केमिकल, औद्योगिक वस्तुओं सहित विभिन्न, निर्यात उत्पादों के परिवहन को सुगम बनाएगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील पालीवाल, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित, संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# रामगढ़ में जंगली हाथियों ने तीन को कुचल कर मारा

रामगढ़, 03 अप्रैल। झारखंड के रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को जंगली हाथियों के झुंड ने भारी तबाही मचाते हुए तीन ग्रामीणों को कुचलकर मार डाला, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) नीतीश कुमार के अनुसार, हाथियों का झुंड सबसे पहले बंदा गांव स्थित एक ईंट भट्टे पर पहुंचा, जहां काम कर रहे मजदूरों पर हमला कर दिया। दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद हाथियों का झुंड मुरपा गांव की ओर बढ़ गया, जहां महुआ चुन रहे 74 वर्षीय श्यामदेव साहू को भी हाथियों ने कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, सूतरी धोड़धोड़िया बस्ती में महुआ चुन रही एक महिला पर भी हाथी ने हमला कर दिया।

- **हाथियों के हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। वन विभाग ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी है साथ ही विभाग घायलों का इलाज भी करवा रहा है।**

# जोधपुर में मकान की छत पर चल रही एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी

## एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स ने 3 करोड़ रूपए के एमडी ड्रग्स कैमिकल जब्त किए

जोधपुर, 3 अप्रेल (कासं)। जोधपुर में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक मकान की छत पर चल रही एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी है। एजीटीएफ ने मौके से 3.055 किलोग्राम एमडी ड्रग्स और 55 किलो 725 ग्राम घातक रसायन बरामद किए हैं। जब्त की गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन करोड़ रुपए आंकी गई है, साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एजीटीएफ ने मंडली बालोतरा, हाल निवासी शंकर नगर, बनाड़ निवासी गणपतराम बेनीवाल को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एडीजी दिनेश एमएन के निर्देशन में की गई।

- **आरोपी गणपत राय बेनीवाल ने सांचोर के दो तस्करों के साथ सौदा करके अपने घर को लैब में परिवर्तित कर लिया था। उसकी 60 किलो एमडी ड्रग्स बनाने की योजना थी।**

जानकारी के अनुसार, आरोपी ने 12 लाख का कर्ज चुकाने के लिए सांचौर के तस्कर आसुराम उर्फ लक्की और भानु के साथ सौदा किया था। इसके लिए उसने अपने ही घर बेनीवाल सदन, को ड्रग बनाने की लैब में तब्दील कर लिया था। जानकारी के अनुसार, मौके से बरामद खतरनाक रसायनों से 60 किलो एमडी ड्रग्स तैयार करने की योजना थी।

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि राजस्थान एजीटीएफ को लगातर सूचना मिल रही थी कि जोधपुर शहर में माफियाओं द्वारा भारी मात्रा में ड्रग्स पैडलरों को एमडी ड्रग्स सप्लाई की जा रही है। इसी क्रम में एजीटीएफ के एएसआई राकेश जाखड़ को मिली गोपनीय सूचना पर एसपी ज्ञानचंद यादव और एएसपी नरोत्तम लाल वर्मा के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई। एजीटीएफ, एटीएस, डीएसटी और बनाड़ थाना पुलिस ने रात के अंधेरे में सुनसान इलाके में बने मकान की घेराबंदी की। जब टीम मकान की छत पर पहुंची तो वहां का नज़ारा देख हैरान रह गई। बिजली के बल्ब की रोशनी में गद्दे पर एमडी ड्रग्स सुखाई जा रही थी। वहां रसायनों के ड्रम व इलेक्ट्रॉनिक चूल्हे बिखरे पड़े थे। मौके से 3.055 किलोग्राम निर्मित एमडी ड्रग्स, डाइक्लोरोमीथेन, मैक्स फाइन केम, डी-आयोनाइज़्ड वॉटर और ज्योति हाईड्रोटेक जैसे घातक कैमिकल और इलेक्ट्रॉनिक चूल्हा, 9 बाल्टियां, स्टील के बर्तन और ड्रग्स सुखाने के उपकरण जब्त किए हैं।

इस ऑपरेशन में एएसआई राकेश जाखड़ और कांस्टेबल सुमेर सिंह की विशेष भूमिका रही। तकनीकी सहयोग एएसआई रमेश कुमार यादव ने दिया। वहीं बनाड थानाधिकारी लेखराज और डीएसटी प्रभारी खेत सिंह की टीम ने मौके पर प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया। मामले की तफ्तीश अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमृत लाल जीनगर को सौंपी गई है। पुलिस अब मुख्य सरगना आसुराम उर्फ लक्की और भानु की तलाश में दबिश दे रही है।

# बिहार में जहरीली शराब कांड में 5 की मौत, 15 गंभीर

## मोतिहारी में हुए इस हादसे में कई लोगों की आंखों की रौशनी चली गई है

मोतिहारी, 03 अप्रैल। बिहार के मोतिहारी में जहरीली शराब कांड ने भयावह रूप ले लिया है। अब तक इस घटना में पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। कई पीड़ितों की हालत चिंताजनक बनी हुई है और कुछ ने आंखों की रोशनी तक खो दी है।

इस मामले में बड़ा खुलासा यह है कि शुरुआत में पुलिस प्रशासन इस घटना को शराब कांड मानने से इनकार कर रहा था। हालांकि लगातार बढ़ते मामलों और मौतों के बाद अब दबी जुबान में जहरीली शराब से मौत की बात स्वीकार की गई है। पहले जहां छह लोगों के बीमार होने की बात कही गई थी, वहीं अब आंकड़ा 15 के पार पहुंच चुका है।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी नागा राय को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, एक अन्य आरोपी जम्मू बैठा को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस का दावा है कि इस अवैध शराब नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है और पूरे गिरोह की पहचान की जा रही है।

- **मार्च महीने में छपरा जिले में भी जहरीली शराब से बड़ा हादसा हुआ था फिर भी प्रशासन नहीं चेता।**

इस कांड में लापरवाही सामने आने के बाद परसौना के चौकीदार भरत राय को निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं तुरकौलिया थाना के एसएचओ उमाकांत माझी को भी लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन पर सवाल उठने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरकौलिया और रघुनाथपुर थानों में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक प्रमोद यादव और हीरालाल भगत के परिजनों के आवेदन पर केस दर्ज किया गया। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है।

पुलिस का कहना है कि जहरीली शराब बनाने में इस्तेमाल कच्चे माल की खरीदारी के स्रोतों का भी पता लगाया जा रहा है। छापेमारी लगातार जारी है और कई संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है। पुलिस का दावा है कि इस अवैध कारोबार के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले मार्च महीने में छपरा के मशरक और पानापुर में भी जहरीली शराब से चार लोगों की मौत हुई थी। बावजूद इसके, अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई है।

# मालदा कांड का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एडीजी नॉर्थ बंगाल के जयरामन ने कहा कि हम निश्चित रूप से इसकी जांच करेंगे कि यह पहले से प्लान किया गया था या नहीं। इस घटना के बाद हमने न्यायिक अधिकारियों को सीएपीएफ सुरक्षा दी है।

इस घटना के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे 12 को ब्लॉक किया, पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और सुरक्षा बलों के साथ झड़प की। हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता मोफक्करुल इस्लाम का जुड़ाव एआईएमआईएम से बताया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने मालदा हिंसा को इसे एक सोची-समझी साजिश बताया और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया।

# अमेरिका का एक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इनाम की घोषणा की गई है। यह विमान ईरान के मध्य हवाई क्षेत्र में गिराया गया, जिसे अमेरिका-इज़रायल पूरी तरह अपने नियंत्रण में बताते रहे हैं। युद्ध को और बढ़ाते हुए, ईरान ने क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की योजना की घोषणा की है। कुवैत, सऊदी अरब और बहरीन के महत्वपूर्ण सड़क पुलों को संभावित लक्ष्यों की सूची में शामिल किया गया है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है, क्योंकि बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान होना इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को पंगु बना सकता है। इससे तेल और गैस की आवाजाही प्रभावित होगी और निर्यात पर असर पड़ेगा। हालांकि, इसका सबसे बड़ा भार खाड़ी देशों की आम जनता को उठाना पड़ेगा। शत्रुता कम होने के बजाय, ऐसा लगता है कि ईरान, अमेरिका की अवहेलना करते हुए अपने हमलों को और तेज कर रहा है। ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी वार्ता से इनकार किया है और अमेरिकी जमीनी कार्रवाई की स्थिति में कड़े जवाब की चेतावनी दी है, जैसा कि डॉनल्ड ट्रंप बार-बार कहते रहे हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने एशिया के अन्य क्षेत्रों से 10,000 अतिरिक्त सैनिकों को मध्य पूर्व में तैनात किया है। इसके अलावा, शक्तिशाली नौसैनिक बेडे को भी इस क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया गया है, जिससे रणनीतिक रूप से पुन:तैनाती की जा रही है। अमेरिकी सैनिक पूर्व एशिया से पश्चिम एशिया की ओर तेजी से स्थानांतरित हो रहे हैं।

# 'आम आदमी के मुद्दे उठाए तो आम आदमी पार्टी का क्या गया'

चंडीगढ़, 03 अप्रैल। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा में उप नेता के पद से हटाए जाने से आहत सांसद राघव चड्ढा ने पार्टी हाईकमान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सवाल दागे हैं।

राघव चड्ढा ने आज सुबह एक वीडियो जारी किया। इसमें वह कहते नजर आ रहे हैं, खामोश करवाया गया हूं, हारा नहीं हूं। मुझे जब-जब बोलने का मौका मिलता है तो मैं आम आदमी के मुद्दे उठाता हूं। संसद में ऐसे मुद्दों पर बोलता हूं जिन्हें आमतौर पर सदन में उठाया नहीं जाता।

उन्होंने सवाल किया कि क्या जनता के मुद्दे उठाना, जनता के मुद्दों पर बात करना अपराध है। क्या मैंने कोई गुनाह कर दिया, कोई गलती कर दी? उन्होंने कहा मैं जब बात करता हूं तो देश के आम आदमी की बात करता हूं। संसद में एयरपोर्ट पर मिल रहे महंगे खाने की बात रखी, टोल व बैंक लूट का मुद्दा उठाया।

- **आप नेता राघव चड्ढा ने राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए जाने पर चुप्पी तोड़ी और कहा मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना।**

# ट्रंप ईरान ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के बाद होर्मुज़ स्ट्रेट को बारूदी सुरंगों से मुक्त कराने में उनकी नौसैनिक क्षमताओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है। इस सप्ताह की शुरुआत में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी ऐसे संकेत दिए थे।

अमेरिकी सहयोगी देशों में इस बात पर सहमति है कि इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को बलपूर्वक खोलना व्यावहारिक विकल्प नहीं है, क्योंकि उनका मानना है कि यह संकट ईरान के साथ समझौते के बिना हल नहीं हो सकता। गुरुवार की बैठक में जापान ने फारस की खाड़ी में फंसे सभी जहाजों और उनके चालक दल के लिए सुरक्षित समुद्री मार्ग उपलब्ध कराने हेतु सहयोग का आ ान किया। जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने, एक आधिकारिक बयान के अनुसार, स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक देश द्वारा अधिकतम प्रयास करने के महत्व पर जोर दिया।

बैठक में यह चिंता भी व्यक्त की गई कि ईरान होर्मुज़ में टोल व्यवस्था लागू करने की कोशिश कर रहा है। वाणिज्यिक जहाजों पर ईरान के हमलों ने जलमार्गों में लगभग पूरी आवाजाही रोक दी है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण मार्ग बंद हो गया है और पेट्रोलियम की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं।

# भारत आ रहा ईरानी तेल टैंकर गुजरात के पास आकर चीन की तरफ मुड़ गया

## बताया जा रहा है कि तेल के पेमेंट को लेकर कुछ समस्या आ गई है

नई दिल्ली, 03 अप्रैल। भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था।

शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन गुजरात के पास पहुंचने से ठीक पहले उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। बाजार सूत्रों के हवाले से उन्होंने कहा कि जहाज के रास्ता बदलने का मुख्य कारण ईरानी कच्चे तेल की खरीद में पेमेंट शर्तों में बदलाव है। पहले विक्रेता 30 से 60 दिनों की क्रेडिट अवधि देते थे, लेकिन अब वे एडवांस पेमेंट की मांग कर रहे हैं। पेमेंट मिलने के बाद ही तेल की खेप रवाना करने की बात हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि ईरानी तेल के व्यापार में बीच रास्ते में गंतव्य बदलना पूरी तरह नया नहीं है, लेकिन यह घटना इस बात को रेखांकित करती है कि अंतरराष्ट्रीय तेल व्यापार में वित्तीय शर्तें और काउंटरपार्टी रिस्क बेहद संवेदनशील हो गए हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कार्गो को किस भारतीय रिफाइनरी ने खरीदा था। गुजरात के वाडिनार बंदरगाह के जरिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन नायरा एनर्जी और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी कई बड़ी रिफाइनरियां कच्चा तेल आयात करती हैं।

- **पिंग शुन नामक यह टैंकर अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है।**

# कुख्यात माओवादी प्रशांत बोस की जेल में मौत

रांची, 03 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की साजिश रचने और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं की हत्या में अहम भूमिका निभाने वाले भाकपा (माओवादी) का शीर्ष सदस्य एवं 1 करोड़ के इनामी रहे प्रशांत बोस की लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारागार में मौत हो गई। जेल महानिरीक्षक (आईजी) सुदर्शन मंडल ने प्रशांत बोस उर्फ किशन दा के मौत की पुष्टि की है। प्रशांत बोस की भूमिका पुणे के भीमा कोरेगांव हिंसा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की साजिश रचने में थी। एनआईए की चार्जशीट में भी बोस का नाम सामने आया था। वहीं, छतीसगढ़ में साल 2013 में बस्तर संभाग के झीरम घाटी में सलवा जुडूम के खिलाफ विद्याचरण शुक्ल, नंदकिशोर पटेल, दिनेश पटेल, महेन्द्र करमा सहित, 30 कांग्रेस नेताओं की हत्या की वारदात को अंजाम देने की मंजूरी प्रशांत बोस ने ही दी थी।

# अमेरिका ने अपने आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को हटाया

## अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हैगसेथ ने इस बारे में जानकारी दी

वाशिंगटन, 03 अप्रैल। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने ईरान से छिड़े युद्ध के बीच देश के सेना प्रमुख (आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ) जनरल रैंडी जॉर्ज से पद छोड़ने और तुरंत रिटायरमेंट लेने को कहा है। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने कहा, " जॉर्ज आर्मी के 41वें चीफ ऑफ स्टाफ के पद से तुरंत प्रभाव से रिटायर हो रहे हैं। युद्ध विभाग जनरल जॉर्ज की दशकों की सेवा के लिए उनका आभारी है। हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।"

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सेना प्रमुख के साथ आर्मी के दो अन्य अधिकारियों, जनरल डेविड होडने और मेजर जनरल विलियम ग्रीन को भी उनके पदों से हटा दिया गया है। होडने आर्मी के ट्रांसफॉर्मेशन और ट्रेनिंग कमांड का नेतृत्व कर रहे थे। ग्रीन, आर्मी के चैपलेन कोर के प्रमुख थे। आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जॉर्ज ने इससे पहले 2021 से 2022 तक (बाइडेन प्रशासन के दौरान) रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के वरिष्ठ सैन्य सहायक के रूप में कार्य किया था। पेशेवर इन्फ़ेंट्री अधिकारी और वेस्ट पॉइंट से स्नातक जॉर्ज ने सबसे पहले पहले खाड़ी युद्ध में और उसके बाद हाल ही में हुए इराक और अफगानिस्तान के संघर्ष में सेवा दी।

- **सीबीएस न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार इसी के साथ जनरल डेविड होडने और मेजर जनरल विलियम्स को भी हटा दिया गया।**

हेगसेथ ने और भी कई अधिकारियों को हटाया है। इनमें जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल सीक्यू ब्राउन, नेवल ऑपरेशंस के चीफ एडमिरल लिसा फ्रांचेटी, एयर फ़ोर्स के वाइस चीफ ऑफ स्टाफ़ जनरल जेम्स स्लाइफ और डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेफ़री क्रूस शामिल हैं।

आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ का कार्यकाल आमतौर पर चार साल का होता है। जॉर्ज को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस पद के लिए नामित किया था और 2023 में सीनेट ने उनकी नियुक्ति की पुष्टि की थी। इसका मतलब है कि सामान्य परिस्थितियों में वे 2027 तक इस पद पर बने रहते।

# 'संसद का तीन दिन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जनगणना के आंकड़े 2027 तक उपलब्ध हो सकते हैं।

रमेश ने कहा कि रिजिजू ने अपने पत्रों में केवल महिलाओं के आरक्षण का मुद्दा उठाया, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, विशेष सत्र में देशभर में संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन पर भी चर्चा हो सकती है।

उन्होंने कहा कि हालांकि सरकार की ओर से परिसीमन का कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं है, लेकिन पार्टी ने अनौपचारिक रूप से यह सुना है कि संविधान के अनुच्छेद 81 और 82 में संशोधन का प्रस्ताव है। कहा जा रहा है कि सरकार संसदीय और विधानसभा सीटों को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव रख सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि दक्षिणी राज्य, जैसे तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और उत्तर-पश्चिमी राज्य पंजाब को सीटों की संख्या के मामले में गंभीर नुकसान होगा।

जयराम रमेश ने कहा कि हालांकि सरकार का प्रस्ताव 50 प्रतिशत सीट बढ़ाने का है पर वास्तव में सीटों में काफी वृद्धि होगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यूपी में संसदीय सीटें 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी, जबकि केरल में सीटे 20 से बढ़कर 30 हो जाएगी। पहले 60 सीटों का अंतर था, अब 90 हो जाएगा। उन्होंने कहा, "अगर परिसीमन भी प्रस्तावित है, तो जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए और इसे बलपूर्वक नहीं करना चाहिए।"

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी के सांसदों और फिर विपक्षी दलों के साथ बैठक करेंगे, ताकि संयुक्त रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया, पूरा विपक्ष एकजुट है और भाजपा का 'फूट डालो और राज करो' का प्रयास सफल नहीं होगा।

रमेश ने दोहराया कि विशेष सत्र का एकमात्र उद्देश्य पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित कर लाभ उठाना है। उन्होंने कहा, "यह एक चुनावी सत्र है।"

# सुप्रीम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में करीब 7.7 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं साल 2021 की भर्ती प्रक्रिया के कई अभ्यर्थियों ने वर्तमान परीक्षा के लिए आवेदन ही नहीं किया है। ऐसे में इन्हें अनुमति देने से पूरी प्रक्रिया बाधित हो जाएगी।

वहीं हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता रहे 713 अभ्यर्थियों को पहले की परीक्षा में शामिल कर उनके प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। यह परीक्षा 41 शहरों के 1173 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है।

ऐसे में इतने बड़े स्तर अंतिम समय में इतने अतिरिक्त अभ्यर्थियों को समायोजित करना गंभीर चुनौती पैदा करेगा।

गौरतलब है कि एक दिन पहले हाईकोर्ट ने ओवरएज हो चुके याचिकाकर्ता और उस जैसे अन्य अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा में शामिल होने के आदेश देते हुए परीक्षा स्थगित करने से इनकार कर दिया था।

# प.बंगाल में भाजपा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर्यटकों का स्वागत करता है। हमारे व्यंजनों को मिस न करें।"

राजनीतिक विश्लेषक मैदुल इस्लाम ने कहा कि टीएमसी पश्चिम बंगाल को "मूल रूप से एक बंगाली परियोजना" के रूप में देखती है।

उन्होंने कहा, "उस बंगाली परियोजना में, मछली खाना एक महत्वपूर्ण तत्व है। जब अन्य जगहों पर मछली बाजारों पर हमला होता है, या हिंदी भाषी नेता मछली पर नाक-भौं सिकोड़ते हैं, तो यह चुनावी मुद्दा बन जाता है। टीएमसी कह रही है कि वह बंगालियों की ऑर्गेनिक पार्टी है और इसलिए बंगाली भोजन की आदतों से ऑर्गेनिक रूप से जुड़ी है।"

यह तर्क इसलिए प्रभावकारी हुआ, क्योंकि पश्चिम बंगाल का मछली के साथ रिश्ता केवल भोजन तक सीमित नहीं है। पश्चिम बंगाल में, मछली जीवन के हर महत्वपूर्ण क्षण का हिस्सा है, नवजात के चावल खाने की सबसे पहली रस्म से लेकर शादी से पहले वर के घर भेजे जाने वाले उपहार, और 'श्राद्ध' के बाद शोक समाप्त करने के भोजन, जैसी रस्मों में मछली एक अनिवार्य तत्व है।

वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सालाना 8.36 लाख टन मछली खाई जाती है, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुना अधिक है, जबकि मछली और मीट मिलकर राज्य में घरेलू खाद्य खर्च का लगभग पांचवां हिस्सा बनाते हैं।

भाजपा का कहना है कि टीएमसी जानबूझकर डर पैदा कर रही है। उसके नेता बताते हैं कि पश्चिम बंगाल में मछली या मीट पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव ही नहीं है और चुनाव को मेनू कार्ड तक सीमित करने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी की आलोचना कर रहे हैं।

फिर भी, महत्वपूर्ण बात यह है कि भाजपा अब सार्वजनिक रूप से यह साबित करने के लिए मजबूर हो गई है कि वह मछली-विरोधी नहीं है।

# तारागिरी युद्धपोत नौसेना में शामिल

नई दिल्ली, 03 अप्रैल। भारतीय नौसेना में शुक्रवार को एक नवीनतम स्टील्थ युद्धपोत, 'तारागिरि' शामिल किया गया है। इस युद्धपोत को विशाखापत्तनम में 3 अप्रैल की दोपहर नौसेना में कमीशन किया गया। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद थे। 'तारागिरि' नामक यह युद्धपोत सुपरसोनिक मिसाइलों से लैस है।

ये मिसाइल सतह से सतह पर मार कर सकती हैं। इसमें मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और एक विशेष पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली भी है। अत्याधुनिक युद्ध प्रबंधन प्रणाली व घातक हथियारों से लैस यह युद्धपोत दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'तारागिरि' को एक स्टेट ऑफ द आर्ट वॉरशिप करार दिया। उन्होंने कहा कि तारागिरी की कमीशनिंग, भारत की बढ़ ती हुई सामुद्रिक शक्ति का प्रतीक है।

# 'नेशनल और स्टेट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्दी करे, इसके लिए जल्द से जल्द नोटिस जारी किए जाएं। हालांकि प्रभावितों को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा।

सुनवाई के दौरान, जेडीए की ओर से अधिवक्ता अमित कुड़ी ने सिरसी रोड पर खातीपुरा तिराहे से झाड़खंड मोड़ तक अतिक्रमण हटाने को लेकर 6 सप्ताह का समय मांगा है। इस पर अदालत ने जेडीए को समय देते हुए सिरसी रोड के अतिरिक्त, जयपुर शहर को जोड़ने वाले मुख्य मार्गो व हाईवे से भी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

इस मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने खातीपुरा मोड़ से लेकर झाड़खंड मोड़ तक यथास्थिति बनाए रखने के आदेश गत 5 मार्च को दिए थे, क्योंकि उस समय जेडीए प्रशासन ने मौका स्थिति की रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा था। कोर्ट के समक्ष शपथ पत्र पेश करते हुए जेडीए की ओर से कहा गया है कि सिरसी रोड पर सी ज़ोन बायपास से पांच्यावाला तक 160 फीट रोड है, लेकिन करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी में 95 से ज्यादा दुकान-मकान सड़क सीमा में है। इसके साथ ही, मीनावाला से सिरसी मोड़ तक भी 96 मकान, दुकान और अन्य स्ट्रक्चर सड़क सीमा में बनाए हुए हैं। यह तथ्य जेडीए पी.आर.एन. ज़ोन और जोन-7 के द्वारा करवाए गए पी.टी. सर्वे में सामने आया है। इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए प्रवर्तन शाखा नोटिस जारी करेगी।

# माल्दा में जजों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए, बुधवार की घटना की जाँच का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनआईए की टीम शुक्रवार को मालदा पहुँचेगी और जाँच शुरु करेगी।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908